# जेवर एयरपोर्ट पर बनेगा अंडरग्राउंड रेलवे स्टेशन

अमर उजाला ब्यूरो

## पलवल के रुंधी से चोला स्टेशन तक 61 किमी ट्रैक बिछाने की भी सहमति

ग्रेटर नोएडा। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश के पहले अंडरग्राउंड रेलवे स्टेशन का भी साक्षी बनेगा। जेवर एयरपोर्ट परिसर में ही अंडरग्राउंड स्टेशन और पलवल के रुंधी से लेकर दिल्ली हावड़ा रेल लाइन के चोला स्टेशन तक 61 किमी लंबे रेल ट्रैक बिछाने के लिए रेल मंत्रालय ने सैद्धांतिक सहमति दे दी है।

यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने रुंधी से चोला के बीच रेल लाइन और स्टेशन की विस्तृत कार्ययोजना (डीपीआर) भी तैयार कर ली है। डीपीआर के मुताबिक रेल लाइन शुरू होने के साथ ही 1.22 लाख रेल यात्रियों को इस रूट से सहूलियत मिलेगी।

जेवर एयरपोर्ट को रेल कनेक्टिविटी देने वाला रेलवे स्टेशन हवाई अड्डे के पैसेंजर टर्मिनल के नीचे बनाया जाएगा। अब तक ऐसा रेलवे स्टेशन दुनियाभर में महज टोकियो, बर्लिन, न्यूयॉर्क और पेरिस के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बनाया गया है। यहां रेलवे स्टेशन और पैसेंजर टर्मिनल के बीच यात्री एलिवेटर, लिफ्ट या सीढ़ियों के जरिए आवागमन कर सकेंगे। यह पूरा कॉम्प्लेक्स वातानुकूलित होगा। इसी स्टेशन के पास दिल्ली-वाराणसी रैपिड रेल और दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई-अड्डे से जोड़ने वाली रैपिड और मेट्रो स्टेशन भी बनाए जाएंगे।